मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 277, मुंबई, बुधवार, 8 जनवरी, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान
दैनिक
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
# मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर




DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

# बेटे जीशान ने किया बड़ा दावा

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड: सवालों के घेरे में आई मुंबई पुलिस, मास्टरमाइंड कोई और...



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** बाबा सिद्दीकी हत्याकांड को लेकर अब उनके बेटे जीशान सिद्दीकी ने मोर्चा खोल लिया है। अब जीशान ने इस मामले की जांच कर रही पुलिस की बनाई हत्या की चार्जशीट पर ही सवाल खड़े कर दिए है। जीशान ने कहा कि अगर चार्जशीट में किसी बिल्डर को आरोपी नहीं बनाया गया है उसे क्या अनमोल बिश्नोई से पूछताछ करने के बाद किया गया है? एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में मुंबई पुलिस क्राइम ब्रांच द्वारा चार्जशीट दाखिल किए जाने पर उनके बेटे और एनसीपी नेता जीशान सिद्दीकी ने कहा, मुझे अभी पता चला है कि इस हत्याकांड में चार्जशीट फाइल हुई है। (शेष पृष्ठ 3 पर)




# डॉन अरुण गवली आएगा जेल से बाहर

## हाई कोर्ट ने 28 दिन की फरलो को दी मंजूरी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** हत्या के मामले में नागपुर सेंट्रल जेल में उम्र कैद की सजा भुगत रहे मुंबई डॉन अरुण गवली की ओर से फरलो (जमा छुट्टियां) के तहत 4 सप्ताह के लिए जेल से रिहा करने के आदेश देने का अनुरोध कर हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई। हालांकि छुट्टी के लिए विधानसभा चुनावों के पूर्व ही आवेदन किया गया था। किंतु इसे मंजूरी नहीं दी गई। अब दोनों पक्षों की दलिलों के बाद हाई कोर्ट ने गवली को 28 दिन का फरलो मंजूर कर दिया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मीर नागमन अली ने पैरवी की। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि वर्तमान में याचिकाकर्ता नागपुर सेंट्रल जेल में उम्र कैद की सजा भुगत रहा है। फरलो के लिए 18 अगस्त 2024 को संबंधित प्राधिकरण के समक्ष आवेदन किया गया था। किंतु इस आवेदन को ठुकरा दिया गया। जिससे मजबूरन हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# नागपुर में एनिवर्सरी मनाने के बाद दंपति ने की आत्महत्या



## सुसाइड नोट और वीडियो में किए सनसनीखेज खुलासे

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** नागपुर से दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। रिश्तेदारों के साथ शादी की सालगिरह का जश्न मनाने के बाद एक दंपति ने फांसी लगा ली। जिससे दोनों की मौत हो गई है। प्रारंभिक तौर मिली जानकारी के अनुसार शादी के कई साल बाद भी दंपति को संतान सुख प्राप्त नहीं हुआ था और कुछ सालों से बेरोजगारी से भी दोनों परेशान थे। इससे यह आत्मघाती कदम उठाने का कयास लगाया जा रहा है। मंगलवार को पुलिस ने नागपुर के जरीपटका थाने में आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है।मार्टिन नगर निवासी दंपत्ति ऍनी जेरिल मोनक्रिप (45) और उसकी पत्नी जेरिल उर्फ टोनी ऑस्कर मोनक्रीप्ट (56) दोनों की शादी की 28वीं सालगिरह थी। इस खुशी में करीब दो दिन से सालगिरह का जश्न मना रहे थे। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# अब पेपरलेस होगी महाराष्ट्र की कैबिनेट

## पोर्टल के माध्यम से जनता तक पहुंचेंगे फडणवीस मंत्रिमंडल के फैसले

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** डिजीटल होती जा रही इस दुनिया में महाराष्ट्र की सरकार भी अब अपने कदम आगे बढ़ा रही है। पेपर की जगह हर काम डिजीटल माध्यम से हो रहे है। इसी को देखते हुए मंगलवार को फडणवीस कैबिनेट ने कई अहम फैसले लिए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट के बैठक में राज्य में परिवहन नियम में बदलाव करते हुए फास्टैग को अनिवार्य कर दिया है। इसके अलावा कैबिनेट की बैठक को लेकर भी कुछ बदलाव किए गए। (शेष पृष्ठ 3 पर)



### पोर्टल के माध्यम से लोगों तक पहुंचेंगे फैसले

बयान के अनुसार, यह प्रणाली एक समर्पित पोर्टल के माध्यम से कैबिनेट में हुए फैसलों को नागरिकों तक पहुंचाएगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा प्रशासनिक प्रक्रियाओं में तेजी लाने और समय पर संचार सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग पर जोर दिए जाने के बाद डिजिटल पहल को अपनाया जा रहा है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### गुलाबी तस्वीर का सच



**आमदनी वाले आबादी के सर्वोच्च हिस्से के पास धन के संग्रहण और दूसरी ओर सबसे गरीब दस फीसदी आबादी के जारी संघर्ष का संदेश है कि नई नीतियों की जरूरत है। शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सामाजिक सुरक्षा के लिए बड़े निवेश की आवश्यकता है।**

पिछले हफ्ते जारी दो सरकारी रिपोर्टों में देश की अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर बुनी गई। भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट में रोजगार की स्थिति बेहतर होने का दावा किया गया। स्पष्टतः ये दावा रोजगार की नई गढ़ी गई परिभाषा पर आधारित है, जिसमें घरेलू कारोबार में सहायक परिवार के सदस्यों को भी रोजगार-शुदा समझा जाता है। रोजगार की गुणवत्ता क्या है, ये सवाल सरकारी विमर्श से पहले ही गायब हो चुका है। दूसरी रिपोर्ट स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की तरफ से आई, जिसमें चरम गरीबी पांच प्रतिशत से भी नीचे आ जाने का दावा किया गया। इसमें उपभोग संबंधी सरकारी आंकड़ों के आधार पर यह भी कहा गया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच विषमता घट रही है। ये सारे निष्कर्ष स्वतंत्र संस्थाओं की अध्ययन रिपोर्टों के बिल्कुल उलट हैं। बहरहाल, अब एक ऐसी रिपोर्ट आई है, जो ऐसी संस्था के आय संबंधी सर्वेक्षणों के आधार पर बनी है, जो सरकारी फंडिंग पर निर्भर है। ये संस्था नेशनल काउंसिल फॉर एप्लाइड इकॉनमिक रिसर्च (एनसीएईआर) है। रिपोर्ट पीपुल्स रिसर्च ऑन इंडियाह्लज कंज्यूमर इकॉनमी (प्राइस) ने तैयार की है। इसका निष्कर्ष है कि 2023 में भारत में आर्थिक गैर-बराबरी की खाई 1950 के दशक से भी ज्यादा चौड़ी हो चुकी थी। रिपोर्ट में आर्थिक विषमता मापने के लिए दुनिया भर में मान्य पैमाने ज़िनी को-इफिशिएंट का उल्लेख किया गया है। इसके मुताबिक भारत का ज़िनी को-इफिशिएंट 1955 में 0.371 था, जो 2023 में 0.410 पर पहुंच गया। इस पैमाने में शून्य का अर्थ पूर्ण समानता और एक का अर्थ पूर्ण विषमता होता है। प्राइस की रिपोर्ट में कहा गया है- ह्यएक तरफ आमदनी वाले आबादी के सर्वोच्च हिस्से के पास धन के संग्रहण और दूसरी तरफ सबसे गरीब दस फीसदी आबादी के जारी संघर्ष का संदेश है कि (भारत को) आर्थिक समावेशन की दीर्घकालिक नीतियों की जरूरत है।ह्न रिपोर्ट में शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सामाजिक सुरक्षा के मजबूत तंत्र आदि की जरूरत बताई गई है। इन्हें हासिल करने के लिए प्रगतिशील कर व्यवस्था अपनाने का सुझाव दिया गया है। स्पष्टतः ये रिपोर्ट सरकारी आंकड़ों के विपरीत है। मगर मौजूद सरकार शायद ही इस पर ध्यान देगी!

# कानपुर में जारी गम की लहर, पवन के बाद सुधीर भी हुआ शहीद, अंतिम दर्शन के लिए भीड़

## 10 माह पहले जज से हुई थी सुधीर की शादी, अंतिम दर्शन के लिए गांव में उमड़ भीड़

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**कानपुर।** जम्मू कश्मीर में ट्रक के खाई में गिरने से जवान पवन यादव के बाद गुजरात के पोरबंदर में भारतीय तटरक्षक बल का सुधीर यादव भी शहीद हो गया है। उसके साथ यह हादसा रविवार को हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने की वजह से हुआ। दोनों जवानों की इस तरह से हुई मौत ने कानपुर को हिला कर दिया है, जिसके फल स्वरुप यहां गम की जहर है। फिलहाल दोनों ही जवानों को श्रद्धांजलि देने और उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों का उनके घरों पर पहुंचना लगाता जारी है। लोग दोनों के शवों के आने का इंतजार कर रहे हैं। ,जिनके सोमवार देर रात पहुंचने की संभावना व्यक्त की गई है।



अवगत कराते चलें कि कल रविवार को गुजरात के पोरबंदर में हेलीकॉप्टर आग लगने से हादसे का शिकार हो गया था, जिसमें कानपुर देहात निवासी पायलेट सुधीर यादव समेत तीन लोगों की मौत हो गई थी। जब यहां कल रविवार शाम सुधीर की हादसे में जान गंवाने की सूचना परिजनों को मिली तो परिवार में कोहराम मच गया। सुधीर की 10 महीने पहले जज से शादी हुई थी, पत्नी पटना में तैनात हैं।

हेलीकॉप्टर हादसे में मृत्यु का वरण करने वाले शहीद सुधीर यादव मूलरूप से कानपुर देहात के शिवली स्थित हरकिशनपुर गांव के रहने वाले थे। वर्तमान में उनका परिवार श्याम नगर में रह रहा है। उनके पिता नवाब सिंह यादव सेना से रिटायर होने के बाद हमीरपुर स्थित बैंक ऑफ इंडिया में मैनेजर हैं। उनका एक बेटा सुधीर यादव भारतीय तट रक्षक बल एक एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएचएल) में पायलेट था। नवाब सिंह यादव के परिवार में पत्नी राजमणि यादव दूसरा बेटा धर्मेंद्र यादव है। सुधीर की तैनाती इस समय पोरबंदर में थी। वह आठ साल से कोस्टगार्ड में नौकरी कर रहे थे।

परिवार वालों ने बताया कि बीते 10 महीने पहले सुधीर की शादी पटना में जज आवृत्ति से हुई थी। परिजनों ने बताया कि आवृत्ति पति सुधीर के पास से शनिवार को देर शाम पटना लौटी थी। फिलहाल परिवार वाले उसके पार्थिव शरीर का इंतजार लगातार कर रहे हैं जो की आज सोमवार की देर रात कानपुर पहुंच सकता है। वहीं सुधीर के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि केलिए के लिए लोगों का उसके गांव घर पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। उसके दुखद निधन की सूचना से परिवार में भी कोहराम मचा हुआ है।

# महिला सांसदों, विधायकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता के लिए आज कानपुर में योगी

## यूपी-उत्तराखंड के लिए आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी सहित शामिल होंगी 56 से अधिक महिला विधायक

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

कानपुर। यहां बिठूर में आज मंगलवार से शुरू कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन द्वारा आयोजित यूपी-उत्तराखंड की महिला सांसदों व विधायकों को प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता करने के लिए आज 8 जनवरी को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानपुर आयेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां आज बुधवार सुबह साढ़े 11 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। वहीं इस आयोजन के समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भी शामिल होंगी। प्रशिक्षण के इस आयोजन में एक साथ पहली बार 56 से



अधिक महिला विधायक शहर आएंगी। इसको लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। आज सबसे पहले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का संबोधन होगा। फिर उत्तराखंड के विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण का उद्बोधन होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम की इस आयोजन के तहत विधायकों व सांसदों का प्रतिनिधित्व, सदन की कार्यवाही में सहभागिता बढ़ाने और संसदीय लोकतंत्र को मजबूत करने में महिला सदस्यों की भूमिका पर मंथन होगा। साथ ही महिला विधायकों को सशक्तिकरण और विधानसभा से जुड़ी बारीकियों का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस आयोजन में इस बात पर भी मंथन होगा कि महिला सशक्तीकरण के लिए किन नई योजनाओं को बनाने की आवश्यकता है और किन योजनाओं को बढ़ावा दिया जाना है।

प्रशिक्षण के इस आयोजन में संविधान व कानून में महिलाओं के अधिकार, लैंगिक समानता, निर्णय लेने वाली संस्थाओं में पर्याप्त महिला प्रतिनिधित्व को बढ़ावा दिए जाने जैसी चर्चा का विषय भी शामिल है। इस आयोजन के लिए कड़े सुरक्षा के प्रबंध भी किए गए हैं।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# नहीं हो सका महाराष्ट्र नगर प्रसूति गृह का संचालन

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई मानखुर्द अनु शक्ति नगर विधानसभा अंतर्गत आने वाला महाराष्ट्र नगर का इलाका विकास के नाम पर पिछड़ा इलाका माना जाता है अगर चिकित्सा सेवा की बात करें तो इस इलाके में बृहण मुंबई महानगरपालिका का आपला दवाखाना नामक चिकित्सालय है पूर्व में यह चिकित्सालय एस आर ए के बिल्डिंग नंबर 18 में स्थित था मार्च 2024 में महाराष्ट्र नगर प्रसूति गृह नामक बहुमंजि ला इमारत का निर्माण हुआ जिसका उद्घाटन पूर्व सांसद राहुल शेवाले के हाथों हुआ इस इमारत के तल मंजिला पर आपला दवा खाना स्थित है जहां सुबह और शाम एक चिकित्सक सेवा प्रदान करते हैं सुबह के समय मरीजों की काफी भीड़ होने के कारण मरीजों की लंबी कतार देखने को मिलती है प्रसूति गृह का उद्घाटन हुए महीनों बीत गए लेकिन इसका संचालन नहीं हो सका है प्रसूति के समय महिलाओं को शताब्दी या सायन चिकित्सालय की ओर रुख करना पड़ता है कभी-कभी महिलाओं को प्रसूति पीड़ा से जान भी गंवानी पड़ती है 2024 के विधानसभा चुनाव में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजीत गुट की सना ताई मलिक इस विधानसभा की विधायिका बनी है देखना यह होगा कि सना मालिक अपने प्रयास से कब तक इस प्रसूति गृह का संचालन करवाती हैं फिलहाल बृहण मुंबई महानगरपालिका का ध्यान इस ओर नहीं दिख रहा है।



# सुरेश धस ने अजित पवार से की मुलाकात

## धनंजय मुंडे नहीं...बीड के इस गंभीर मुद्दे पर की बात

**मुंबई।** संतोष देशमुख हत्याकांड के बाद से ही वाल्मिक कराड के सहयोगी धनंजय मुंडे के सिर पर भी मानो तलवार लटक गई है। अब इस मामले ने तूल पकड़ लिया है और राजनेताओं द्वारा अब धनंजय मुंडे के इस्तीफे की बाते तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी के विधायक सुरेश धस ने कहा कि वह महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख अजित पवार से सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में मंत्री धनंजय मुंडे को हटाने की मांग को लेकर नहीं मिले, बल्कि उन्होंने दूसरे मसले पर बातचीत की। सुरेश धस, देशमुख की हत्या से जुड़े जबरन वसूली के मामले में राकांपा नेता धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी की कथित संलिप्तता को लेकर उन पर निशाना साध रहे हैं। बीड जिले के मसाजोग के सरपंच देशमुख को नौ दिसंबर को जबरन वसूली के प्रयास का विरोध करने को लेकर अपहरण कर लिया गया था और बाद में प्रताड़ित करने के पश्चात उनकी हत्या कर दी गई थी।

### सात लोगों की गिरफ्तारी

पुलिस जांच के सिलसिले में अब तक सात लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। मुंडे के सहयोगी वाल्मिक कराड को जबरन वसूली के एक मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है। राकांपा प्रमुख से मुलाकात के बाद सुरेश धस ने मंगलवार शाम संवाददाताओं से कहा, मैंने



उपमुख्यमंत्री अजित पवार से एक बहु-राज्य सहकारी बैंक के संबंध में मुलाकात की, जिसके कारण बीड जिले और कुछ पड़ोसी इलाकों के लोगों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। मैंने इस मामले में उनके हस्तक्षेप की मांग की। मंगलवार को सरपंच संतोष देशमुख के परिजनों से मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात किए जाने के बारे पूछने पर धस ने कहा कि मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया है कि हत्या के मामले में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि चाहे वे कोई भी हों, उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सीएम फडणवीस से किया अनुरोध

सुरेश धस ने कहा, हमने फडणवीस से यह भी अनुरोध किया है कि संतोष देशमुख की पत्नी को अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी दी जाए। फडणवीस ने मांग मान ली है और उन्हें (देशमुख की पत्नी) लातूर जिले में तैनाती मिल सकती है, ताकि उनके दो बच्चों की शिक्षा में बाधा न आए। मंत्रिपरिषद से मुंडे को हटाने की मांग के बारे में पूछे जाने पर भाजपा नेता ने कहा, हम यहां धनंजय मुंडे का इस्तीफा मांगने नहीं आए हैं। हमने उन्हें (पवार को) देशमुख के परिवार की पीड़ा से अवगत कराया है। उन्होंने बताया कि संतोष देशमुख ने 2019 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों के साथ-साथ पिछले साल हुए आम चुनावों और विधानसभा चुनावों में भाजपा के बूथ प्रमुख के रूप में काम किया था।

### सोशल मीडिया पर शेयर की तस्वीरें

सुरेश धस ने कहा, उन्होंने हर बार भाजपा के लिए काम किया और यह हमारे लिए बहुत बड़ी क्षति है। सरपंच की हत्या के मामले की जांच के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) के कुछ सदस्यों के आरोपियों के साथ करीबी संबंध प्रदर्शित करती तस्वीरें सोशल मीडिया पर आने के बाद नया विवाद खड़ा हो गया है। विपक्षी दलों के नेताओं और धस ने एक नई एसआईटी के गठन की मांग की है जो निष्पक्ष रूप से काम इस मामले की जांच करे। सुरेश धस ने कहा, फडणवीस एसआईटी के बारे में हमारी मांग पर विचार करने के लिए सहमत हो गए हैं और अगले कुछ दिनों में बड़ी घोषणा की जाएगी। उन्होंने दावा किया कि संतोष देशमुख की हत्या और जबरन वसूली के मामले में आरोपी व्यक्ति आदतन अपराधी हैं।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### बेटे जीशान ने किया बड़ा दावा

मुझे अब तक कॉपी नहीं मिली है और इसके लिए हम कोर्ट के द्वारा अप्लाई करेंगे। चार्जशीट पहले पढ़नी पड़ेगी लेकिन अभी तक जो मीडिया रिपोर्ट्स से पता चल रहा है। इसमें लॉरेंस बिश्नोई और अनमोल बिश्नोई का नाम सामने आ रहा है। इसमें बिल्डर्स का कोई एंगल नहीं है। एसआरए का कोई एंगल नहीं है। लॉरेंस बिश्नोई जेल में और अनमोल बिश्नोई विदेश की जेल में है। तो क्या अनमोल बिश्नोई ने स्वीकार किया कि उन्होंने बाबा सिद्दीकी की हत्या की। क्या उन्होंने माना है कि किसी बिल्डर का इसमें हाथ नहीं है। क्या अनमोल लॉरेंस या अनमोल बिश्नोई से पूछताछ हो चुकी है। जीशान ने आगे कहा, पुलिस ने कौन से बिल्डर्स से पूछताछ की है ये चार्जशीट में देखना होगा। आज ये मेरे पिता के साथ हुआ है कल किसी के साथ भी हो सकता है। आप अनमोल बिश्नोई को पहले लाइए। अगर उस पर आरोप हैं तो उसे लाया क्यों नहीं जा रहा है। मुख्य आरोपी को अभी तक पुलिस पकड़ नहीं पाई है। जो मास्टरमाइंड हैं वे तो मिले ही नहीं। जो मिले वे सभी प्यादे हैं। महाराष्ट्र की कानून व्यवस्था के लिए इसे गंभीरता से देखना चाहिए। जीशान ने कहा, क्या अनमोल बिश्नोई ने इस बात को स्वीकार किया है कि किसी बिल्डर ने हत्या नहीं करवाई है। उन्होंने कहा, मैं सीएम से मुलाकात करूंगा। हम अदालत में भी जाएंगे। मुझे यकीन है कि इस देश की न्याय व्यवस्था मेरे परिवार को न्याय जरूर देगी। लेकिन अभी पहले मैं चार्जशीट पाने की कोशिश कर रहा हूं। देखना है कि ये बिल्डर्स कैसे बचकर निकल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले कि मेरे पिता के अस्पताल पहुंचने से पहले ही बिश्नोई का नाम सामने आने लगा।

### अंडरवर्ल्ड डॉन अरुण गवली आएगा जेल से बाहर

याचिकाकर्ता की ओर से पैरवी कर रहे अधि। अली ने कहा कि आवेदन करने के बाद संबंधित प्राधिकरण की ओर से पुलिस की खुफिया रिपोर्ट मंगाई गई। जिसमें पुलिस ने फरलो नहीं देने का सुझाव देते हुए बड़े बेतुके कारण दिए गए हैं। 14 अक्टूबर 2024 को इस संदर्भ में जारी आदेशों में कई तरह की टिप्पणियां की गई है। जिसमें कानून और व्यवस्था खराब होने का भी हवाला दिया गया है। जबकि वास्तविकता यह है कि याचिकाकर्ता को इसके पूर्व 14 बार फरलो पर भेजा गया। इसमें से एक भी बार कानून व व्यवस्था खराब होने का उदहारण नहीं है। यहां तक कि याचिकाकर्ता ने हमेशा ही निर्धारित समय के भीतर ही जेल में वापसी की है। याचिका में दिए गए तथ्यों के अनुसार अरूण गवली को उम्र कैद के रूप में 14 वर्ष की जेल हुई है। जबकि याचिका में बताया गया कि इस मामले में याचिकार्ता लगभग 15 वर्षों से जेल में है। कोर्ट को बताया गया कि हर समय उनके पुत्र महेश ने नियंत्रण में रखा है। इसके बावजूद पुलिस रिपोर्ट में अब बेटे द्वारा नियंत्रण में रखे जाने पर आशंका जताई गई है। इसी तरह से गवली के खिलाफ अन्य मामले लंबित होने तथा इन मामलों को लेकर अपराध होने की भी आशंका जताई गई। इसी तरह से बेटी द्वारा चुनाव लड़ने की संभावना जताते हुए फरलो पर जाने के बाद चुनाव को प्रभावित करने का संदेह जताया गया था।

### नागपुर में एनिवर्सरी मनाने के बाद दंपति ने की आत्महत्या

इस खुशी में शामिल होने के लिए सभी रिश्तेदार और परीचितों को बुलाया गया था। सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात में जश्न मनाया गया। कुछ रिश्तेदार उनके आस-पड़ोस में ही रहते हैं तो वे खाना होने के बाद सभी सोने चले गए। इसके बाद ऍनी और जेरिल भी अपने कमरे में चले गए। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि शादी के कई साल बाद भी संतान का सुख नहीं मिलने से दोनों आहत थे। ऍनी किसी होटल में रसोईया था। उनकी नौकरी भी चली गई थी। जिससे करीब चार साल से वह बेरोजगार था, हालांकि नई नौकरी के लिए उसने प्रयास किए लेकिन नौकरी नहीं मिली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दंपति आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। जिससे उन्होंने आत्महत्या का निर्णय लिया होगा, ऐसी आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि ऍनी का शव कमरे में फांसी पर लटका हुआ था जबकि जेरिल का शव पलंग पर पड़ा हुआ था। कानूनी कार्रवाई के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए मेयो अस्पताल में भेज दिया गया।

### अब पेपरलेस होगी महाराष्ट्र की कैबिनेट

महाराष्ट्र सरकार अब जल्द ही ई-कैबिनेट प्रणाली लागू करेगी। जिसका उद्देश्य कैबिनेट बैठकों में कागज के उपयोग को कम करना तथा पारंपरिक दस्तावेजीकरण की जगह पर स्मार्ट टैबलेट का इस्तेमाल करना है। मंगलवार को कैबिनेट बैठक के बाद एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मुख्य सचिव सुजाता सौनिक द्वारा प्रस्तुत इलेक्ट्रॉनिक-संचालित पहल का उद्देश्य सरकारी कामकाज को अधिक पारदर्शी और पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ बनाना है। मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में प्रशासनिक कार्यों को आसान और तेज बनाने के लिए संशोधित महाराष्ट्र सरकार प्रक्रिया नियमों के प्रकाशन को मंजूरी दे दी गई। इन संशोधनों में कैबिनेट के समक्ष लाए जाने वाले मामलों, मुख्यमंत्री और राज्यपाल की मंजूरी के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले मामलों, मंत्रिपरिषद और कैबिनेट के कामकाज आदि से संबंधित प्रावधान शामिल हैं।

## अकबर रोड नहीं, 9ए कोटला रोड होगा एआईसीसी का नया पता

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के 139 वर्ष लंबी ऐतिहासिक विरासत को एक नया ठिकाना मिलने जा रहा है। अकबर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय का नया पता होगा 9ए, कोटला रोड। पार्टी मुख्यालय का नाम होगा इंदिरा गांधी भवन। कांग्रेस संसदीय दल की नेता और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पार्टी की नई स्टेट ऑफ आर्ट, अति आधुनिक बिल्डिंग का लोकार्पण 15 तारीख को करेंगी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी इस विशेष अवसर पर उपस्थित रहेंगे। संक्रांत की शुभ बेला में सुबह 10 बजे भव्य समारोह निर्धारित है। नई इमारत में कामकाज की शुरूआत दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले किया जाना प्रस्तावित था, लेकिन चुनाव की घोषणा के बाद फिलहाल ऐसा संभव नहीं हो सकेगा, लेकिन बैठकों का सिलसिला जरूर नए भवन में शुरू किया जा सकेगा। फाइल, कागजातों के आने में समय लगेगा। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा, नया एआईसीसी मुख्यालय, जिसका नाम भारत की पहली महिला प्रधान मंत्री और एक प्रतिष्ठित नेता श्रीमती इंदिरा गांधी के नाम पर रखा गया है, अपने दिग्गजों के दृष्टिकोण को बनाए रखने के लिए कांग्रेस पार्टी के निरंतर मिशन का प्रतीक है। महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल जैसे दिग्गजों के नेतृत्व में भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व करने वाली पार्टी के रूप में, कांग्रेस एक आधुनिक, लोकतांत्रिक और न्यायसंगत भारत के निर्माण के प्रति अपने समर्पण पर दृढ़ रही है। कांग्रेस पार्टी के देशभर के कार्यकर्ताओं, नेताओं के लिए चूंकि ये लम्हा बेहद विशेष होगा इसीलिए नये एआईसीसी मुख्यालय के लोकार्पण समारोह में भाग लेने के लिए लगभग 400 शीर्ष नेताओं को आमंत्रित किया गया है। जिनमें कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य, स्थायी और विशेष आमंत्रित सदस्य, प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष, कांग्रेस विधायक दल के नेता, दोनों पक्षों के संसद सदस्य शामिल हैं। लोकसभा और राज्यसभा, एआईसीसी सचिव, संयुक्त सचिव और विभागों और प्रकोष्ठों के प्रमुख। पूर्व मुख्यमंत्री, पीसीसी अध्यक्ष, सीएलपी नेता, केंद्रीय मंत्री और एआईसीसी के महासचिव भी प्रमुख आमंत्रितों में से हैं। इंदिरा गांधी भवन को पार्टी और उसके नेताओं की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें आधुनिक सुविधाएं हैं।

### कर्नाटक, तमिलनाडु और गुजरात के बाद इस राज्य में पहुंचा वायरस


# अब महाराष्ट्र में एचएमपीवी की दस्तक नागपुर में 2 संदिग्ध मामले आए सामने

### दोनों संदिग्धों की उम्र 7 और 13 साल बताई जा रही, एम्स भेजी रिपोर्ट

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

चीन में फैल रहे नए ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस ने भारत में दस्तक दे दी है। कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात के बाद अब महाराष्ट्र में भी एचएमपीवी संक्रमण का मामला सामने आया है। नागपुर में एचएमपीवी के दो संदिग्ध मरीजों की पहचान की गई है। इनकी उम्र सात और 13 साल बताई जा रही है। स्वास्थ्य उप निदेशक शशिकांत शंभरकर ने बताया कि निजी अस्पताल में बच्चों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

दोनों मरीजों का इलाज कर उन्हें घर भेज दिया गया है। अब इन दोनों संदिग्ध मरीजों की रिपोर्ट को नागपुर के एम्स में जांच के लिए भेजा गया है। भारत में पहले ही तीन एचएमपीवी मामलों का पता चल चुका है। इनमें से दो मामले बंगलूरू और एक मामला अहमदाबाद से सामने आया है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने इसकी पुष्टि की। इसके अलावा, तमिलनाडु में भी दो संदिग्ध मामले सामने आ चुके हैं। देश भर में श्वसन संबंधी बीमारियों की निगरानी के लिए चल रहे निगरानी प्रयासों के तहत इन मामलों का पता चला था।



#### श्वसन संबंधी बीमारियों पर रखें नजर

एचएमपीवी के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है। मंगलवार को आयोजित एक वर्चुअल बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने राज्यों से इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (एसएआरआई) की निगरानी और समीक्षा करने की अपील की।देश में अब तक एचएमपीवी के कुल सात मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें कर्नाटक से 2, गुजरात से 1 और तमिलनाडु से 2 मामले शामिल हैं। ये सभी मामले 3 महीने से लेकर 13 साल तक के बच्चों में पाए गए हैं। श्रीवास्तव ने कहा कि भारत श्वसन संबंधी बीमारियों के मामलों में किसी भी संभावित स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिलहाल जनता को एचएमपीवी को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है।

#### सावधानियों पर ध्यान दें

स्वास्थ्य सचिव ने इस बात पर भी जोर दिया कि आमतौर पर सर्दियों के महीनों में श्वसन संबंधी बीमारियां बढ़ जाती हैं और राज्यों को इसके लिए विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने वायरस की रोकथाम के लिए लोगों के बीच जागरूकता फैलाने की सलाह दी। इसके तहत बार-बार हाथ धोना, खांसते और छींकते समय मुंह और नाक को ढककर रखें और संक्रमित व्यक्ति के सीधे संपर्क से बचने की सलाह दी है।

#### बैठक में अधिकारी रहे शामिल

बैठक में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, एनसीडीसी, आईडीएसपी, आईसीएमआर और राज्य निगरानी इकाइयों के विशेषज्ञों ने भाग लिया। देश में फिलहाल आईएलआई या एसएआरआई मामलों में कोई असामान्य वृद्धि नहीं देखी गई है। बैठक में डॉ. राजीव बहल, सचिव (डीएचआर); डॉ. (प्रो) अतुल गोयल, डीजीएचएस; राज्यों के स्वास्थ्य सचिव और अधिकारी, एनसीडीसी, आईडीएसपी, आईसीएमआर, एनआईवी और आईडीएसपी की राज्य निगरानी इकाइयों के विशेषज्ञ शामिल हुए।

**लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने की सलाह दी**

*राज्यों को वायरस के संचरण की रोकथाम के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने की सलाह दी गई। इसमें साबुन और पानी से बार-बार हाथ धोना; बिना धुले हाथों से अपनी आँखें, नाक या मुँह को छूने से बचना; ऐसे लोगों के साथ निकट संपर्क से बचना जिनमें बीमारी के लक्षण दिख रहे हों; खाँसते और छींकते समय मुँह और नाक को ढकना आदि शामिल है।*

#### मंत्री नड्डा बोले

### हम हालात पर नजर रख रहे



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को कहा था हम हालात पर नजर बनाए हुए हैं और पड़ोसी देशों में वायरस की हालात पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि हम तैयार हैं, सभी कदम उठा रहे हैं, हमारी सभी पहलुओं पर निगरानी है। ये कोई नया वायरस नहीं है, 2001 में ही वायरस की पहचान हुई थी। नड्डा ने एक्सपर्ट के हवाले से स्पष्ट किया कि एचएमपीवी कई सालों से पूरी दुनिया में फैल रहा है। यह सांस के जरिए, हवा के जरिए फैलता है। यह सभी आयु वर्ग के लोगों को प्रभावित कर सकता है। यह वायरस सर्दियों और मौसम बदलने के शुरुआती महीनों में ज्यादा फैलता हैस्वास्थ्य मंत्रालय, आईसीएमआर और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र चीन के साथ-साथ पड़ोसी देशों में स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं।

### स्मार्ट सिटी मिशन की 400 परियोजनाएं लक्ष्य से पिछड़ीं : सैलजा

## स्मार्ट सिटी के हालात को लेकर श्वेत पत्र जारी करे भाजपा सरकार, सामने आए सच्चाई

मुंबई हलचल / नई दिल्ली



सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि स्मार्ट सिटी मिशन की समय सीमा जून माह में समाप्त हो रही है पर सरकार ने इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। हालात ये है कि 400 परियोजनाएं लक्ष्य से पिछड़ी हुई है। बेहिसाब शहरीकरण के चलते लोगों को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इस मिशन का मुख्य उद्देश्य इन शहरों को स्मार्ट तकनीक के अत्यधिक उन्नत समाधान प्रदान करना है, जिसमें जल पुनर्चक्रण, सौर ऊर्जा, डिजिटलीकरण, अपशिष्ट प्रबंधन और स्मार्ट मीटरिंग शामिल हैं। कुमारी सैलजा ने सरकार से मांग की है कि स्मार्ट सिटी को लेकर एक श्वेत पत्र जारी कर बताया जाए कि जारी की गई भारी भरकम धनराशि से क्या क्या काम हुए और क्या चयनित शहरों के हालात सुधरे।

कुमारी सैलजा ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि स्मार्ट सिटी मिशन वर्ष 2015 में संचालित किया गया था। पहले चरण में देश के सौ शहरों को शामिल किया था। हरियाणा को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने प्रोजेक्ट में सात शहरों को जोड़ा है। इसमें हिसार, पंचकूला, पानीपत, रोहतक, सोनीपत, अंबाला और यमुनानगर शामिल किए गए। इस प्रोजेक्ट के तहत हिसार में लगभग 150 करोड़ रुपए खर्च करने और सुरक्षा के लिए इन सातों शहरों में 7000 से ज्यादा कैमरे लगाने का लक्ष्य रखा गया था। कुमारी सैलजा ने कहा कि भारत की वर्तमान जनसंख्या का लगभग 31 प्रतिशत को शहरों में बसता है। ऐसी उम्मीद है कि वर्ष 2030 तक शहरी क्षेत्रों में भारत की आबादी का 40 प्रतिशत रहेगा। इसके लिए भौतिक, संस्थागत, सामाजिक और आर्थिक बुनियादी ढांचे के व्यापक विकास की आवश्यकता है। ये सभी जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने एवं लोगों और निवेश को आकर्षित करने, विकास एवं प्रगति के एक गुणी चक्र की स्थापना करने में महत्वपूर्ण हैं। स्मार्ट सिटी का विकास इसी दिशा में एक कदम कहा गया।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की हर योजना केवल कागजों में ही सिमटकर रह जाती है या जो भी धनराशि खर्च की जाती है उसके सार्थक नतीजे सामने दिखाई नहीं देते। सबसे बड़ी बात से है कि स्मार्ट सिटी मिशन की अवधि इस जून में समाप्त हो रही है।

### भारत में एआई इनोवेशन को मिलेगी गति

# क्लाउड-एआई बिजनेस में तीन अरब डॉलर का निवेश करेगी माइक्रोसॉफ्ट

**माइक्रोसॉफ्ट साल 2030 तक एक करोड़ लोगों को एआई में प्रशिक्षित करेगा**

*सीईओ सत्य नडेला ने बेंगलुरु में माइक्रोसॉफ्ट एआई टूर के मंच से कहा कि माइक्रोसॉफ्ट अगले दो साल में भारत में क्लाउड और एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 3 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा। इसमें नए डेटा सेंटर की स्थापना और भारत में एआई इनोवेशन को गति देना शामिल होगा।*

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

अमेरिका की दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट भारत में क्लाउड और कृत्रिम मेधा (एआई) बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए तीन अरब डॉलर (25,722 करोड़ रुपए) का निवेश करेगी। भारतीय मूल के अमेरिकी व्यवसायी और माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला ने मंगलवार को इसकी घोषणा की है। सत्य नडेला ने कहा कि देश के एआई परिवर्तन में तेजी लाने में मदद करने के लिए भारत में एआई बुनियादी ढांचे और कौशल में हमारे नए निवेश की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। सीईओ सत्य नडेला ने बेंगलुरु में माइक्रोसॉफ्ट एआई टूर के मंच से कहा कि माइक्रोसॉफ्ट अगले दो साल में भारत में क्लाउड और एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 3 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा। इसमें नए डेटा सेंटर की स्थापना और भारत में एआई इनोवेशन को गति देना शामिल होगा। माइक्रोसॉफ्ट ने 2030 तक एक करोड़ लोगों को प्रशिक्षित और कुशल बनाने के लिए एक व्यापक योजना साझा की, जिससे प्रौद्योगिकी पर भारत के साथ साझेदारी करने की उसकी प्रतिबद्धता मजबूत हुई।

**पीएम मोदी के साथ तकनीकी, नवाचार और एआई पर की विस्तृत चर्चा**



#### सत्या नडेला ने की पीएम मोदी से मुलाकात

*इससे पहले, सोमवार को सत्य नडेला ने आज सोमवार को पीएम मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उनकी पीएम मोदी से भारत को एआई प्रथम बनाने पर चर्चा हुई। बैठक के बाद सत्या नडेला ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपने पोस्ट में पीएम मोदी से मिलने के बाद खुशी जताते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी आपके नेतृत्व के लिए धन्यवाद।*

#### भारत को एआई प्रथम बनाएंगे

पीएम मोदी से मुलाकात में सत्य नडेला ने कहा कि भारत को एआई प्रथम बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने और देश में अपना निरंतर विस्तार कर और मिलकर काम करने के लिए उत्साहित हूं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इस एआई प्लेटफॉर्म बदलाव से हर भारतीय को लाभ मिले। उन्होंने कहा कि आपसे मिलकर वाकई बहुत खुशी हुई।

#### भारत में प्रत्येक व्यक्ति को सशक्त बनाएंगे

*सत्य नडेला ने कहा कि भारत में प्रत्येक व्यक्ति और संगठन को सशक्त बनाने का माइक्रोसॉफ्ट का मिशन कंपनी को आगे बढ़ाता है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि इस देश की मानव पूंजी निरंतर आगे बढ़ती रहे, और देश प्रौद्योगिकी के अपार अवसरों और संभावनाओं का लाभ उठा सके। इसलिए हम अपनी प्रतिबद्धता की घोषणा करते हुए बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि हम 2030 तक एक करोड़ लोगों को एआई कौशल के लिए प्रशिक्षित करेंगे।*

#### 2014 से हैं माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ

बता दें कि सत्या नडेला इस समय माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) हैं। उन्होंने 2014 में स्टीव बाल्मर के हटने के बाद माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ का पद संभाला था। इसके बाद 2021 में वह जॉन डब्ल्यू थॉम्पसन के हटने के बाद माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष बने थे। इससे पहले वह माइक्रोसॉफ्ट के क्लाउड और एंटरप्राइज समूह के कार्यकारी उपाध्यक्ष थे।

### केंद्र की मौजूदगी में हरियाणा-राजस्थान में यमुना के सरप्लस पानी से जुड़ी नई योजना पर चर्चा

## हरियाणा-राजस्थान की टास्क फोर्स का जल्द होगा गठन

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल की अध्यक्षता में मंगलवार को नई दिल्ली में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में हथनीकुंड से राजस्थान को यमुना नदी के सरप्लस पानी को उपलब्ध कराने के विषय पर चर्चा हुई।

सैनी ने बैठक के उपरांत जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में यमुना नदी के सरप्लस पानी को राजस्थान को उपलब्ध करवाने के लिए विस्तार से चर्चा हुई। इस विषय को लेकर शीघ्र ही हरियाणा व राजस्थान के अधिकारियों की एक संयुक्त टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा जिससे आने वाले दिनों में इस योजना की विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि बरसात के दिनों में यमुना में अतिरिक्त पानी (सरप्लस) का प्रवाह होता है। इस योजना से इस पानी का उपयोग राजस्थान के विभिन्न जिलों में पेयजल आपूर्ति में हो सकेगा। इस योजना में अपर यमुना रिवर बोर्ड भी तकनीकी सहयोग करेगा।



#### एमओयू भी हो चुका

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस विषय में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय की पहल पर दोनों राज्यों के मध्य एक एमओयू भी हो चुका है। इसी एमओयू पर आगामी कार्यवाही को लेकर आज की बैठक में चर्चा हुई। उन्होंने बैठक में हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों में सेम की समस्या के समाधान के लिए केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय से तकनीकी सहयोग करने की मांग भी रखी। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने इस विषय में शीघ्र ही एक तकनीकी टीम राज्य में भेजने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जल शक्ति मंत्रालय से सचिव अशोक कुमार, अतिरिक्त सचिव राकेश कुमार वर्मा तथा राजस्थान सरकार व अपर यमुना रिवर बोर्ड के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

सुप्रीम कोर्ट ने बीपीएससी मामले पर कहा

## शीर्ष अदालत ने किया इनकार पटना हाईकोर्ट जाने के लिए कहा

### सीजेआई खन्ना, जस्टिस संजय और विश्वनाथन की बेंच ने कहा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 70वीं बीपीएससी की प्रीलिम्स एग्जाम की याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को यह मामला पटना हाईकोर्ट में रखने की सलाह दी है। इसकी सुनवाई चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने की। बीपीएससी प्रीलिम्स एग्जाम को लेकर छात्रों के बीच भारी नाराजगी है।

#### हाईकोर्ट को उचित मंच बताया



सीजेआई ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट पहले स्तर पर इस मामले की सुनवाई के लिए उचित मंच नहीं है और इसे पटना हाईकोर्ट के समक्ष आर्टिकल 226 के तहत पेश करना ज्यादा बेहतर है। कोर्ट ने कहा कि वह छात्रों और प्रदर्शनकारियों की भावना को समझता है, पर इस मामले पर सीधे तौर पर हस्तक्षेप करने के बजाय याचिकाकर्ता को पटना हाईकोर्ट जाना चाहिए।

#### आमरण अनशन पर बैठे पीके अस्पताल में भर्ती

बीपीएससी अभ्यर्थियों के समर्थन में 2जनवरी से आमरण अनशन पर बैठे प्रशांत किशोर की मंगलवार सुबह तबीयत बिगड़ गई है। पटना के मेदांता अस्पताल के डाक्टरों की टीम पीके के स्वास्थ्य का जांच करने शेखपुरा हाउस पहुंची। डॉक्टरों की टीम ने अस्पताल ले जाने का सुझाव दिया। वहीं हंगामा करने का एक और मामला प्रशांत के खिलाफ दर्ज किया गया है।

### डोनाल्ड ट्रंप ने जो बाइडेन पर लगाए गंभीर आरोप, कहा

## वह सत्ता के हस्तांतरण को मुश्किल बनाने की कर रहे हरसंभव कोशिश, ऐसा नहीं देखा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को शपथ लेंगे। इससे पहले, रिपब्लिकन नेता ने मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ट्रंप का कहना है कि डेमोक्रेटिक नेता सत्ता के हस्तांतरण को मुश्किल बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने हाल के दिनों में जलवायु और अन्य प्रशासनिक मुद्दों पर बाइडेन के कार्यकारी आदेशों का उदाहरण देते हुए यह आरोप लगाया। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर कहा कि बाइडेन सत्ता हस्तांतरण को मुश्किल बनाने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। इसलिए इस तरह के फैसले लिए जा रहे हैं जो पहले कभी नहीं देखे गए। 'ग्रीन न्यू स्कैम', धन की बर्बादी के फैसले और हास्यास्पद कार्यकारी आदेश इसके उदाहरण हैं।



#### सोरोस को सम्मान मिलने पर भड़की ट्रंप की टीम

अमेरिका में शनिवार को राष्ट्रपति जो बाइडेन ने 19 लोगों को सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'द मेडल ऑफ फ्रीडम' से सम्मानित किया। इसे लेकर नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों में भारी आक्रोश देखने को मिला, जिस पर एलन मस्क, डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर और नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने आक्रामक टिप्पणियां की। रिपब्लिकन पार्टी के अन्य नेताओं ने भी जॉर्ज सोरोस को सम्मानित किए जाने की आलोचना की।

### अग्निवीर वायु भर्ती के लिए आवेदन शुरू

## 27 जनवरी तक होगा पंजीकरण 12वीं पास भी कर सकते आवेदन



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारतीय वायु सेना ने अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरवायु के लिए आवेदन प्रक्रिया 7 जनवरी से शुरू कर दी है। इच्छुक उम्मीदवार अब आधिकारिक वेबसाइटके माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 जनवरी, 2025 है।

#### आधिकारिक वेबसाइट पर होगा आवेदन

*उम्मीदवारों को केंद्रीय, राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्डों से गणित, भौतिकी और अंग्रेजी के साथ इंटरमीडिएट/ 10 + 2/ समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें कुल मिलाकर न्यूनतम 50% अंक और अंग्रेजी में 50% अंक हों। आईएएफ अग्निवीरवायु भर्ती 2025 के लिए चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा, शारीरिक फिटनेस परीक्षण, अनुकूलन क्षमता परीक्षण और चिकित्सा परीक्षा शामिल होगी। ऑनलाइन आवेदन आधिकारिक वेबसाइट पर करें।*

### राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने अनुमान जारी किया

# चार साल के सबसे निचले स्तर पर आ सकती है जीडीपी, 2024-25 में 6.4% रहने का अनुमान

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन से देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में घटकर चार साल के निचले स्तर 6.4 प्रतिशत पर आ सकती है। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह अनुमान जताया गया। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष के लिए राष्ट्रीय आय का पहला अग्रिम अनुमान जारी करते हुए यह जानकारी दी।

- विनिर्माण व सेवा क्षेत्रों का रहा खराब प्रदर्शन

इसके मुताबिक, देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वित्त वर्ष 2024-25 में 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी जबकि पिछले वित्त वर्ष में इसकी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत थी। अगर ऐसा होता है तो देश की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2020-21 के बाद सबसे धीमी गति से बढ़ेगी।

**खास बातें**

- पिछले वित्त वर्ष में इसकी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत थी
- ऐसा होने पर वित्त वर्ष 2020-21 के बाद सबसे धीमी गति से बढ़ेगी




### कोविड के दौरान 5.8 फीसदी दर्ज की गई थी

*कोविड महामारी से बुरी तरह प्रभावित वित्त वर्ष 2020-21 में अर्थव्यवस्था में 5.8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। हालांकि, उसके बाद 2021-22 में यह 9.7 प्रतिशत, 2022-23 में सात प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत की उच्च दर से बढ़ी थी।*

### एनएसओ का अनुमान आरबीआई से कम

*एनएसओ का वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 6.4 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुमान से कम है। आरबीआई ने दिसंबर, 2024 में जारी अपने अनुमान में कहा था कि चालू वित्त वर्ष में जीडीपी 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। इसके अलावा एनएसओ का यह अनुमान वित्त मंत्रालय के भी अनुमान से कम है।*

### कृषि क्षेत्र राहत लेकर आएगा

कृषि क्षेत्र का प्रदर्शन अर्थव्यवस्था के लिए राहत लेकर आ सकता है। कृषि क्षेत्र के चालू वित्त वर्ष में 3.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने का अनुमान है जो पिछले वित्त वर्ष में 1.4 प्रतिशत था। एनएसओ ने कहा, ''वित्त वर्ष 2024-25 में वास्तविक जीडीपी में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि 8.2 प्रतिशत रहने का अस्थायी अनुमान है।''

### 2023-24 में 9.6 फीसदी की दर से बढ़ा था

मौजूदा कीमतों पर देश का सकल घरेलू उत्पाद 2023-24 में 9.6 प्रतिशत की दर से बढ़ा था जो वित्त वर्ष 2024-25 में 9.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। आंकड़ों के मुताबिक, मौजूदा कीमतों पर जीडीपी के 2023-24 के 295.36 लाख करोड़ रुपये से 9.7 प्रतिशत बढ़कर 2024-25 में 324.11 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचने का अनुमान है।

### अर्थव्यवस्था का आकार 3.8 लाख करोड़ डॉलर रहेगा

मौजूदा अनुमानों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 3.8 लाख करोड़ डॉलर (85.7 रुपये/अमेरिकी डॉलर) है। इसके अलावा, मौजूदा कीमतों पर सकल मूल्य-वर्धन (जीवीए) पिछले वित्त वर्ष के 267.62 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 2024-25 में 292.64 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच जाने का अनुमान है। यह 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्शाता है।

# पति से छुटकारा पाने को फेसबुक दोस्त के साथ मिलकर हंसिया से गला काटकर की हत्या

**बरेली।** अपने फेसबुक दोस्त प्रेमी और उसके साथी के साथ मिलकर पति की बेरहमी से हत्या करने वाली 25 वर्षीय आरती को अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने इस जघन्य अपराध के लिए आरती पर 15,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। वहीं, इस मामले में शामिल नाबालिग प्रेमी और उसके दोस्त का मुकदमा किशोर न्याय बोर्ड में विचाराधीन है। सरकारी वकील सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि 7 जनवरी 2023 को बरेली के कांधरपुर गांव के पास एक खेत में 28 वर्षीय रोहित का शव बरामद हुआ था। उसकी गर्दन किसी तेज धार वाले हथियार से काटी गई थी। हत्या के बाद रोहित के चचेरे भाई राजू सिंह ने कैंट थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पुलिस ने दो नाबालिगों को गिरफ्तार किया, जिनमें से एक मृतक का रिश्तेदार निकला। पूछताछ में यह सामने आया कि रोहित की हत्या के पीछे उसकी पत्नी आरती के नाजायज संबंध थे। पुलिस ने





हत्या में इस्तेमाल लोहे के हंसिए समेत 19 अहम सबूत जुटाए और कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। हत्या में शामिल नाबालिग प्रेमी ने पुलिस को बताया कि उसकी आरती से मुलाकात फेसबुक पर हुई थी। यह दोस्ती धीरे-धीरे प्रेम संबंध में बदल गई। वह मुंबई में काम करता था और आरती से मिलने के लिए बरेली आता था। आरती ने उसे बताया था कि उसका पति शराब के नशे में मारपीट करता है और वह उससे छुटकारा चाहती है। 6 जनवरी 2023 की रात आरती ने फोन कर अपने प्रेमी को बुलाया। प्रेमी अपने एक दोस्त के साथ बाइक पर आरती के घर पहुंचा। वहां, उन्होंने रोहित को घर के बरामदे में दबोच लिया। आरती ने रोहित के पैर पकड़ लिए और प्रेमी ने लोहे के हंसिए से उसकी गर्दन पर वार कर हत्या कर दी। हत्या के बाद तीनों ने मिलकर खून साफ किया और रोहित के शव को टीशर्ट से बांधा। रात में घने कोहरे का फायदा उठाते हुए बाइक पर शव ले जाकर गांव परगंवा के पास खेत में फेंक दिया। हत्या में इस्तेमाल कपड़े और हंसिया वीरांगना चौक के पास छिपाकर दोनों आरोपी अपने गांव लौट गए।

अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने अपने फैसले में कहा, "यह मामला प्रेम का नहीं बल्कि वासना और अपराध के लिए गलत राह पर चलने का है।

# सेहत को लिए फायदेमंद है गुनगुना पानी

पानी पीना सेहत के लिए बहुत जरूरी है। डॉक्टरों के अनुसार हर किसी को दिन में कम से कम 8-10 गिलास पानी जरूर पीना चाहिए। इससे शरीर के विषैले पदार्थ बाहर निकल जाते हैं लेकिन अगर ठंडे पानी की बजाए गुनगुना पानी पिया जाए तो यह सेहत के लिए रामबाण है। आइए जाने रोजाना गुनगुना पानी पीने के फायदों के बारे में...

1. गुमगुना पानी पीने से ब्लड सकुर्लेशन तेज हो जाता है। वैसे तो हर मौसम में गुनगुना पानी पीना चाहिए लेकिन सर्दियों में तो जरूर गुनगुना पानी ही पिएं।
2. रोजाना सुबह खाली पेट गुनगुना पानी पीने से कब्ज की परेशानी दूर हो जाती है।
3. भूख न लगने से परेशान हैं तो एक गिलास गुनगुने पानी में नींबू का रस,काली मिर्च और नमक डालकर पीएं। इससे भूख लगनी शुरू हो जाएगी।
4. सारा दिन थकावट महसूस हो रही हो तो सुबह उठने के बाद खाली पेट गुनगुने पानी का सेवन करें।
5. स्किन से जुड़ी कोई परेशानी है या त्वचा पर किसी तरह के रैशेज पड़ रहे हैं तो गुनगुना पानी पीने से राहत मिलती है।
6. त्वचा रूखी और बेजान है तो 10-12 गिलास पानी जरूर पिएं। इससे त्वचा पर ग्लो आ जाएगा।





# कॉस्मेटिक सर्जरी से पहले जानें ये साइड इफेक्ट

**कॉस्मेटिक सर्जरी के दौरान और बाद में कई बातों का ध्यान रखना जरूरी है। जैसे इसे किसी अनुभवी सर्जन से कराएं, ऑपरेशन थिएटर आधुनिक टूल्स से लैस हो, संक्रमण से बचाव आदि। जानें अलग-अलग सर्जरी से होने वाली दिक्कतें ताकि ट्रीटमेंट के बाद इनका खयाल रखा जा सके-**

**हेयर रेस्टोरेशन (गंजापन)**
गंजापन दूर करने के लिए तीन तरह की सर्जरी करते हैं। पहली, सिर में खाली जगह पर 3-4 मिमी बालों सहित स्किन निकालकर ट्रांसप्लांट करते हैं। दूसरी, सिर के दोनों ओर से बाल व त्वचा रक्तवाहिनी सहित सिर के आगे लाते है। तीसरी, सिलिकॉन बलून को बालों के नीचे लगाकर त्वचा डबल करते हैं।
**साइड इफेक्ट :** सर्जरी के बाद संक्रमण, निशान या अधिक ब्लीडिंग भी हो सकती है।

**राइनोप्लास्टी :** मोटी नाक को पतला करने, टेड़ी नाक को सही आकार देने, दबी हुई नाक को शार्प करने के लिए राइनोप्लास्टी की जाती है।
**साइड इफेक्ट :** नाक की त्वचा पर लाल चकत्ते, सूजन व ब्लीडिंग हो सकती है। सर्जरी के बाद छह माह तक धूप से बचें।

**आईब्रो लिफ्टः** यह सर्जरी दो तरह से होती है- बोटॉक्स व थ्रेड लिफ्ट। इसमें एजिंग के कारण झुकी हुई आईब्रोज और माथे की लटकी त्वचा को ठीक किया जाता है।
**साइड इफेक्ट :** संक्रमण, निशान दिखने व संवेदनशीलता खत्म होने जैसी दिक्कतें होती हैं।

**ब्लेफरोप्लास्टीः** इस सर्जरी में झुकी हुई पलकों व पफी आंखों को ठीक किया जाता है। इस दौरान अपर और लोअर आईलिड से अतिरिक्त फैट को निकालकर आंखों को सही लुक देते हैं।
**साइड इफेक्ट :** कुछ मामलों में लोअर आईलिड नीचे की ओर खिंच जाती है। जिसके लिए दोबारा सर्जरी करनी पड़ सकती है।

**गाइनेकोमैस्टियाः** कुछ आदमियों का सीना उभार लिए होता है। इस कारण वे हीनभावना के शिकार हो जाते हैं। ऐसे पुरुष इसे कम कराने के लिए गाइनेकोमैस्टिया कराते हैं।
**साइड इफेक्ट :** ब्लीडिंग, सूजन, निशान या स्किन पर लाल रंग के चकत्ते हो सकते हैं। स्किन का रंग बदलने के अलावा सीने की सेंसिविटी भी खत्म हो सकती है।

**आर्म लिफ्टः** बेडौल हो चुके हाथों के ऊपरी भागों को सही आकार देने के लिए आर्म लिफ्ट सर्जरी कराई जाती है। इसमें हाथों के ऊपरी हिस्से में जमा फैट व लटकी हुई स्किन को हटाया जाता है।
**साइड इफेक्ट :** निशान इस सर्जरी का सबसे बड़ा साइड इफेक्ट है। कोहनी से लेकर अंडरआर्म तक की इस सर्जरी में दाग हमेशा के लिए रह सकते हैं।

**फेस लिफ्टः** इस सर्जरी से चेहरे की झुर्रियां और लटकी हुई स्किन को हटाकर चेहरे व गर्दन की मसल्स को मजबूती दी जाती है व एक्स्ट्रा स्किन को निकाल दिया जाता है।
**साइड इफेक्ट :** संक्रमण, त्वचा का रंग बदलना, चेहरे की धमनियों में क्षति, संवेदनशीलता खत्म होने के साथ त्वचा पर लाल रंग के चकत्ते पड़ सकते हैं।

**ऑटोप्लास्टीः** ऑटोप्लास्टी में बड़े या बाहर निकले हुए कान को चेहरे के अनुरूप सही किया जाता है। कुछ लोग छिदे हुए कान के होल को छोटा करने के लिए भी यह सर्जरी करवाते हैं।
**साइड इफेक्ट :** संक्रमण, सूजन, ब्लीडिंग व निशान पडे का डर बना रहता है। कुछ मामलों में कान नेचुरल न दिखने पर दोबारा सर्जरी करानी पड़ सकती है।

**चिन-चीक्स ऑग्युमेंटेशनः** इस सर्जरी में छोटी ठुड्डी के ऊपर सिलिकॉन इंप्लांट करके इसको आकार देते हैं। कभी-कभी चिन की हड्डी को फेस के शेप के अनुसार घटाया-बढ़ाया जाता है।
**साइड इफेक्ट :** दर्द, सूजन व ब्लीडिंग के अलावा इम्प्लांट जगह से खिसक सकता है।

**एब्डोमिनल प्लास्टीः** प्रेग्नेंसी या वेट लॉस से कई बार पेट पर अधिक फैट जमा हो जाता है। जिसे निकालने के साथ मसल्स को भी टाइट कर बॉडी को सही आकार दिया जाता है।
**साइड इफेक्ट :** स्किन पर ब्लड क्लॉट व संक्रमण का डर रहता है।

**ब्रेस्ट ऑग्युमेंटेशनः** जन्म से अविकसित ब्रेस्ट, दोनों के साइज में अंतर होने व प्रेग्नेंसी के बाद लटके ब्रेस्ट को सही आकार देने के लिए यह सर्जरी की जाती है। इससे ब्रेस्ट में सिलिकॉन इम्प्लांट्स कर आकार बढ़ाया जाता है।
**साइड इफेक्टः** अच्छी क्वालिटी के इम्प्लांट इस्तेमाल न किए जाने पर संक्रमण की स्थिति में इसे निकालना पड़ सकता है। निशान गहरा होने से ब्रेस्ट के हार्ड या टाइट होने जैसी समस्या हो सकती है।

# लड़कों की यह परेशानियां लड़कियों को नहीं आती पसंद!

*हर लड़का पूरी कोशिश करता है कि उसे अपनी गर्लफ्रेंड के सामने शर्मिंदा न होना पड़े लेकिन कई बार मर्दों में कुछ ऐसी समस्याएं होती हैं जो उन्हें अपने पार्टनर के सामने शर्मिंदा कर देती हैं। आज हम आपको ऐसी ही समस्याओं के बारे में बताने जा रहे है जिसके कारण आपको अपने पार्टनर के सामने शर्मिंदा होना पड़ सकता है।*



**गंजापनः** कई बार समय से पहले ही बाल झड़ना शुरू हो जाते हैं। इसका कारण शरीर में जरूरी पोषक तत्वों की कमी भी हो सकता है। ऐसे में अपनी डाइट का पूरा ध्यान रखें।

**खुजलीः** त्वचा रूखी होने के कारण उसमें खुजली होने लगती हैं। अगर आप पार्टनर को सामने बार-बार खुजली करेंगे तो उनको बिल्कुल अच्छा नहीं लगेगा। ऐसे में मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें।

**पसीनाः** पसीने के बदबू के कारण भी आपको अपनी पार्टनर के सामने शर्मिंदा होना पड़ सकता हैं। ऐसे में नहाने से पहले पानी में थोड़ा नमक डाल लें। इससे पसीने की बदबू नहीं आएगी।

**अधिक बाल होनाः** शरीर पर अनचाहे बाल भी आपको ऐसी स्थिति में डाल सकते हैं। ऐसे में समय-समय पर रेजर का इस्तेमाल करें।

# कहीं आपका बच्चा तो नहीं देखता ज्यादा टीवी



मोटापे की समस्या आजकल बड़ों से लेकर बच्चों तक देखने को मिलती हैं। आज कल आम देखने को मिलता है कि बच्चे फैटी तो होते हैं लेकिन उनकी हाइट नहीं होती। मोटापे के पीछे कई कारण होते हैं। बच्चों की गलत आदतें भी मोटापे का कारण हो सकती है। अधिक टीवी देखने से भी मोटापे का खतरा बढ़ता है। हाल में हुए शोध में पाया गया है कि टीवी को ज्यादा समय देने वाले और खाने-पीने से जुड़े विज्ञापन देखने वाले बच्चों में मोटापे का खतरा अधिक होता है। वहीं कम टीवी देखने वाले बच्चों में मोटापे कम पाया जाता है। टीवी पर विज्ञापन देखने के बाद बच्चे वहीं खादे की जिद करते हैं, जिसके कारण बच्चे फास्ट फूड और पैकेट बंद फूड्स का सेवन करते है।
आजकल के बच्चे पैकेट बंद स्नैक्स पर निर्भर करते हैं, जिसके कारण उनका वजन बढ़ता है। पैकेट बंद स्नैक्स में सोडियम की मात्रा अधिक पाई जाती है जिसके खाने के बाद भूख कम हो जाती है। बच्चे स्नैक्स खाने के बाद भोजन नहीं करते, जिससे उनके शरीर को पौष्टिक तत्व नहीं मिल पाते।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# 'मैंने बुरे काम को न कहना सीख लिया'

**टीवी** सीरियल उतरन से पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस रश्मि देसाई को आज हर कोई जानता है। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी अपने पोस्ट से जलवा बिखेरती रहती हैं। लेकिन एक्ट्रेस के लिए साल 2024 जीवन के सबक जैसा था। अब एक्ट्रेस ने हाल ही में एक इंटरव्यू में करियर गैप को लेकर खुलकर बात की हैं। दरअसल, एक्ट्रेस ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पिछले साल कई उतार–चढ़ाव आए और मुझे कई व्यक्तिगत चुनौतियों का सामना करना पड़ा, इसलिए मैं खुद पर काम कर रही थी। उन्होंने आगे कहा कि, यात्रा के दौरान मुझे पेट से जुड़ी गंभीर समस्याएं हुईं, लेकिन मैंने उन्हें नजरअंदाज किया और जिससे वो थोड़ी गंभीर हो गईं। मुझे समय रहते ध्यान देना चाहिए था, लेकिन जब आप काम कर रहे होते हैं, तो आप चीजों को एक तरफ रख देते हैं। नतीजतन, मुझे खाने–पीने की चीजों से एलर्जी हो गई, इसलिए मुझे अब इस बात को लेकर सतर्क रहना होगा कि मैं क्या खाऊं। इसके बाद एक्ट्रेस ने 2025 को लेकर बात की और कहा कि मैं बहुत उत्साहित हूं। क्योंकि इस साल मेरी गुजराती फिल्म, मॉम तने नहीं समझा, जल्द ही रिलीज होगी और कुछ अन्य अच्छे प्रोजेक्ट भी हैं। सच कहूं तो, जब मुझे गुजराती फिल्म में एक मां की भूमिका दी गई थी, तो मैंने शुरू में इसे मना कर दिया था। मैं झिझक रही थी, क्योंकि मैंने टीवी शो उतरन में एक मां की भूमिका निभाने के परिणामों का सामना किया था। इस इंडस्ट्री में जल्दी ही किसी पर लेबल लगा दिया जाता है। मुझे उस लेबल से छुटकारा पाने में थोड़ा समय लगा। मैं एक मां की भूमिका निभाने के खिलाफ नहीं हूं, लेकिन टाइपकास्ट होना एक बाधा है। फिर भी, इसने मुझे उन भूमिकाओं को चुनने से नहीं रोका है जब मुझे वास्तव में स्क्रिप्ट पसंद आती है।



# आलिया भट्ट ने की काम पर जाने की तैयारी

**बॉलीवुड** स्टार आलिया भट्ट थाईलैंड में परिवार के साथ लंबी छुट्टियां बिताने के बाद काम पर वापस आ गई हैं। मंगलवार को आलिया ने इंस्टाग्राम पर अपने काम के दिनों की कुछ तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर में आलिया अपना मेकअप दिखाती नजर आ रही हैं। उन्होंने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा कि काम पर वापस। दूसरी तस्वीर में आलिया अपनी टीम के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। आलिया भट्ट ने दूसरी तस्वीर के कैप्शन में लिखा है कि मेरी टीम के साथ। इस बीच, अभिनय की बात करें तो आलिया शारवरी के साथ जासूसी ड्रामा अल्फा में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। शिव रवैल द्वारा निर्देशित अल्फा यशराज फिल्म्स की प्रशंसित जासूसी दुनिया में एक उल्लेखनीय अतिरिक्त फिल्म होगी। वह संजय लीला भंसाली की आगामी फिल्म लव एंड वॉर में भी नजर आएंगी, जिसमें विक्की कौशल और रणबीर कपूर भी हैं। आलिया भट्ट ने इससे पहले 2022 की ड्रामा गंगूबाई काठियावाड़ी में भंसाली के साथ काम किया था। जनवरी 2024 में फिल्म की आधिकारिक घोषणा की गई थी। इंस्टाग्राम पर मूल घोषणा में लिखा था कि हम आपके लिए संजय लीला भंसाली की महाकाव्य गाथा लव एंड वॉर लेकर आए हैं। क्रिसमस 2025 में फिल्मों में मिलते हैं। इसमें मुख्य तिकड़ी रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल के हस्ताक्षर भी थे। संजय लीला भंसाली की मच अवेटेड फिल्म 20 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

